तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 9 दिसंबर 2024



11 खरीदी केन्द्रों से धान का परिवहन नहीं होने के...





12 युवा उत्सव से विद्यार्थियों की छुपी प्रतिभा उभर कर...







PHOENIX® श्री बालाजी स्केल
इलेक्ट्रॉनिक वजन तराजू और सिस्टम
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विक्रेता एवं सुधारक



डिगेन्द्र यादव - 9993001348
पता : देवांगन कॉम्प्लेक्स, छल्लानी पेट्रोल पंप के सामने, नवापारा, राजिम, मो. 9303991861


## खबर संक्षेप

### ट्रक पल्टा, वाहन चालक को आई मामूली चोट

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर नेशनल हाईवे देवभोग मार्ग में मोड़ के पास धान से भरा ट्रक पलट गया। ट्रक देवभोग से धान लेकर आ रहा था। अंधे मोड़ पर चालक ने वाहन पर कन्ट्रोल नहीं रख पाया और ट्रक पलट गई। दुर्घटना में वाहन चालक को चोट लगी है। लेकिन मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के बाद मामूली चोट के बाद छुट्टी दे दिया गया है।

### पाहंदा चंपारण में मड़ई महोत्सव कल

**अभनपुर।** नवयुवक जस व सेवा समिति के तत्वाधान में ग्राम पाहंदा (चंपारण) में मड़ई महोत्सव का आयोजन 10 दिसंबर को रखा गया है। एसकुमार साहू ने जानकारी देते बताया कि रात्रिकालिन कार्यक्रम गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी टिपानी की प्रस्तुति होगी।

### गिरवी रखे सोना को हड़पने की शिकायत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने गिरवी रखे सोना को ज्वेलर्स द्वारा हड़पने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। ग्राम राजाकटेल निवासी हेमसागर पटेल ने बताया कि उन्होंने नवंबर 2023 में सांकरा के श्याम ज्वेलर्स के पास 5.900 ग्राम सोना 16 हजार रुपए में गिरवी रखा था। गिरवी रखते समय किसी प्रकार की रसीद उन्हें नहीं दी गई थी। दो माह बाद गिरवी रखे सोना लेने गया तो ज्वेलर्स संचालक राकेश अग्रवाल और अजय अग्रवाल ने कहा कि तुम्हारा सोना डूब चुका है, तुम्हे सोना नहीं मिलेगा। उन्होंने सोना वापस लेने ज्वेलर्स के कई चक्कर लगाए लेकिन उन्हें सोना नहीं मिला। आखिरकार पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। इस संबंध में संचालक राकेश अग्रवाल ने कहा कि सोना गिरवी रखने, ब्याज में राशि लेन-देन हेतु उनके पास शासन से साहूकारी लाइसेंस प्राप्त है, लेन-देन का पूरा काम विधिवत किया जाता है। हेमसागर पटेल ने उनके खिलाफ झूठा आरोप लगाया है।

### खेत से सौर ऊर्जा मोटर का कंट्रोलर चोरी, जुर्म दर्ज

महासमुंद। खेत में लगे सौर ऊर्जा मोटर के कंट्रोलर चोरी के मामले में तेंदूकोना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि देवनाथ ठाकुर पिता प्रेमसिंह ठाकुर ग्राम ठाकुरदिया कला के खेत में लगे सौर उर्जा मोटर के कंट्रोलर कीमत 20 हजार रुपए को 26 से 27 नवंबर के बीच किसी अज्ञात चोरी ने चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### एक्सीडेंट में बाइक में दो लोग घायल

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह के पास बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। पुलिस को उदयचंद साहू निवासी चुरूपाली तेंदूकोना निवासी ने बताया कि 7 दिसंबर को दोपहर करीब 1 बजे वह साराडीह से बाइक में सवार होकर कुशल साहू और भुनेश्वरी साहू के साथ अपने घर ग्राम चुरूपाली जाने के लिए निकला था। बाइक को कुशल साहू चला रहा था। करीब 2.30 बजे साराडीह मोड के पास महासमुंद की ओर से आ रही मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजी 2983 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया।

# पंचायत परसदा सोंठ में 12 लाख रुपए का गबन, जांच अधिकारी ने सौंपा प्रतिवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम पंचायत परसदा सोंठ के सरपंच द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के नाम पर पंचायत से 12 लाख रुपए आहरण कर आर्थिक गबन किया गया है। उक्त राशि का न ही निर्माण कार्य हुआ है और न ही किसी को भुगतान किया गया है, और इसी तरह से सरपंच महेश्वरी साहू के पति तिलक साहू सरपंच पद का लाभ लेते हुए मनरेगा (रोजगार गारंटी) कार्य में बिना कार्य किए 511 दिन का 1 लाख 2 हजार 2 सौ रूपए रोजी मजदूरी राशि प्राप्त किया है। जबकि गांव के किसी अन्य गरीब पात्र हितग्राहियों को इतने दिन तक और इतनी राशि प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में गांव के शिकायतकर्ता रामजी खिलवारे और संतराम बारले के साथ अन्य लोगों ने कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर तथा अनुविभागीय अधिकारी अभनपुर को लिखित शिकायत किए हैं जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर द्वारा कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अभनपुर को शिकायत की जांच से ग्रह प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 22 अक्टुबर को पत्र प्रेषित किया गया है साथ ही अनुविभागीय दंडाधिकारी अभनपुर द्वारा जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए 15 अक्टुबर को तहसीलदार गोबरा नवापारा को पत्र प्रेषित किया गया है जिस पर तहसीलदार गोबरा नवापारा द्वारा संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक को शिकायत की जांच प्रतिवेदन पंचनामा खसरा


▶▶|शेष पेज 10 पर

## जिला पंचायत सीईओ ने बिठाई थी जांच



### राइस मिल के लिए दी थी एनओसी

शिकायतकर्ताओं ने यहा भी आरोप लगाया है कि गांव में एक राइस मिल को एनओसी नहीं देने के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित हुआ है इसके बाद सरपंच महेश्वरी साहू द्वारा राइस मिलर्स से लंबी राशि लेकर एनओसी दे दिया गया है उपरोक्त सभी भ्रष्टाचार गबन राशि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों से प्रमाणित हो रहा है। सरपंच महेश्वरी साहू द्वारा एक फर्जी बिल प्रस्तुत किया है, जिसमें स्पष्ट हो रहा है कि किस तरह से काम के नाम पर भ्रष्टाचार कर राशि गबन किया है, प्रमाणित हो रहा है। साहू हार्डवेयर परसदा का एक बिल जिसमें दिनांक 17/08/2022 जिसका बिल है जिसमें दुकानदार का हस्ताक्षर भी नहीं है जिसे पानी टंकी मरम्मत कार्य दर्शाया गया है जिसमें सरपंच का हस्ताक्षर है जबकि सिंटेक्स पानी टंकी को अभी वर्तमान समय में शिकायत के पश्चात छोटा पिलर बनाया जा रहा है। इस छोटे से पिलर के लिए एक ही बिल में 50 बोरी सीमेंट, रेती 1 ट्रिप, गिट्टी 1 ट्रिप, मुरुम 7 ट्रिप, चुना आदि दर्शाया जाकर 30000 रूपए खर्च बताया जा रहा है, कार्य 2024 में हो रहा है और बिल 2022 का है, बिना हस्ताक्षर का वर्तमान में उक्त दुकान 2 वर्ष पूर्व ही बंद हो चुका है।




## खुलासा : कुण्डेल भाठा संग्रहण केंद्र में मिल पहुंचने से पहले परिवहनकर्ता बेच रहे हैं धान

# परिवहन के बीच में धान के बोरों की अफरा तफरी, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

समर्थन मूल्य में खरीदी गई धान को खरीदी केंद्र से भंडारण केंद्र तक ले जाने तथा वहीं भण्डार से जब कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स धान उठाते हैं, इन दोनों वक्त ट्रक से परिवहन करते रास्ते के धान खरीदी करने वाले कोचिया के पास औने-पौने में बेच रहे हैं। इसका सिलसिला जब से इस धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा में लंबे समय चली आ रही है। इसकी जानकारी जिला विपणन संघ गरियाबंद अमित चन्द्राकर, कुण्डेल संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा प्रभारी दीपक कनौजे, जिला खाद्य अधिकारी सुधीर चंद्र गुरू, तहसीलदार फिगेंश्वर को मौका जानकरी दिया गया। लेकिन इस शिकायत को सभी ने अनसुना कर दिया। परिणाम स्वरूप गणतव्य स्थल पहुंचने से पहले ही ट्रक ड्राइवर कई बोरियां धान गायब कर देते थे। शनिवार को इसका खुलासा उस समय हुआ जब हरिभूमि की टीम व जनपद सभापति प्रतिनिधि गजेन्द्र निषाद बिजली ने ट्रक के पीछा बोरसी तक किया। जहां एक ट्रक क्रमांक सीजी 4 एम डब्ल्यू 4470 से एक मोटर साइकिल भेजवाते देखा गया। ट्रक से हालांकि ड्राइवर मौके का फायदा उठाकर खिसक गए। डीएमओ कार्यलय के अनुसार दुर्गा ट्रेडर्स धान होना बताया। इधर मिलर्स विजय बोथरा ने कहा की मिल में पहुंचने पर जांच होती है, कम पाए जाने पर ट्रांसपोर्ट या ड्राईवर से पैसा वसूल लिया जाता है। वहीं छुरा एंव देवभोग गरियाबंद क्षेत्र के उपार्जन केन्द्र से परिवहन धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा पहुंचने से पहले भी इस तरह की सरकारी धान को बेचे जाने का कृत्य हो रहा है।



### मिली भगत से इस कृत्य को दे रहे हैं अंजाम

उपार्जन केन्द्र से धर्मकांटा, कुण्डेल भाठा संग्रहण में प्रवेश फिर स्टेकिंग में संबंधित कर्मचारी बराबर ओके कर रहे हैं। फिर रास्ते में बेचे जाने वाली धान की कमी बांकी इस सब प्रोशेष में सामने क्यों नहीं आता है। कुण्डेल भाठा प्रभारी सहित कुछ कर्मचारी एक ही पांईट पर लंबे समय से जमे हुए हैं। जानकारों के अनुसार सबकी मिली भगत इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं। सभी इन्ही को इंगित कर रहे हैं। विषय गंभीर है इसकी सुक्ष्म जांच होगी तो बड़े घोटाले का खुलासा होगा। इस घटना की जानकारी कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल को जानकारी रविवार को दी गई। कलेक्टर ने तुरन्त एक्शन लेते जिला विपणन संघ जिला अधिकारी गरियाबंद अमित चन्द्राकर को वस्तु स्थिति को पता करने सक्त निर्देश दिए। उन्होंने फौरन अपने अधीनस्थ कर्मचारी को फोनकर टाईट किया।

### जानकारी मिली है

जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि जानकारी मिली है तो वस्तुस्थिति की जानकारी लेगें। आवश्यक जांच के लिए निर्देश किया जायेगा।

**-दीपक अग्रवाल**, कलेक्टर

# चोरी के दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर पुलिस ने चोरी के दो अलग अलग मामलो में खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ अधिकाररियों के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना मैनपुर एवं सायबर पुलिस टीम के द्वारा 115 प्लास्टि कुर्सी एवं 29 नग लोहे के सेंटरिंग प्लेट की चोरी के दो अलग-अलग मामलों में संलिप्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए कुर्सी एवं सेंटरिग प्लेट को बरामद कर धारा 379 एवं धारा 331(4),305, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 29 नवंबर को बनसिंह सोरी उम्र 58 साल निवासी कुल्हाड़ीघाट के द्वारा थाना मैनपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29 नवंबर की रात्रि कमार समाज के समुदायिक भवन का ताला तोड कर 115 नग प्लास्टिक के कुर्सी को चोरी कर संदेही आरोपी सुभाष एवं उनके दोस्त अपने छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 23 एम 1778 में डाल कर भाग रहा था। जिसे गवाहों के द्वारा रोकने पर अपने वाहन को ग्राम फुलझर मोड़ के पास छोड़ कर भाग गया। जो विवेचना के दौरान थाना मैनपुर पुलिस टीम एवं सायबर सेल टीम के द्वारा संदेही आरोपी सुभाष एवं उनके दोस्तो का पतासाजी किया गया जो दिनांक 7 दिसंबर को संदेही आरोपी सुभाष को पुलिस हिरासत में लेकिर पूछताछ किया गया जो पूछताछ के दौरान कमार भवन में अपने दोस्त योगेश यादव के साथ मिलकर कमार भवन के 115 नग प्लास्टि के कुर्सी को चोरी करना स्वीकर किए साथ कड़ाई से पूछताछ करने पर दिनांक 05.03.2024 को ग्राम जरण्डी कन्ट्रक्शन साईड में अपने दो अन्य दोस्त मुकेश उर्म मुक्कु निषाद, हुमेश्वर सोरी के साथ मिल कर 29 नग लोहे के सेंटरिंग प्लेट को चोरी करना स्वीकर किए जाने पर दो अलग–अलग मामलों को कुल 4 आरोपी सुभाष उर्फ गांधी श्रीवास निवासी कोमाखान महासमुंद, योगेश यादव

▶▶|शेष पेज 10 पर

- 115 प्लास्टि कुर्सी एवं 29 नग लोहे के सेंटरिंग प्लेट की चोरी

# रेलिंग टूटी, दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा महानदी पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा को मगरलोड से जोड़ने वाली महानदी पर बनी पुल की रेलिंग तीन चार जगह से टूटी है जो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। जबकि यह एक मात्र सड़क मार्ग है। शहर के लोग इसी पुल से पार होकर श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन एवं लोमष ऋषि आश्रम के लिए जाते है। इस पुल पर सुबह-शाम वॉक के लिए रोज सैकड़ों बच्चे ,महिलाएं भी पैदल गुजरती है। स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी भेंडरी,नवागांव, बुड़ेनी, चौबेबांधा, करेली से नवापारा पढ़ने आते है। दिन भर हजारों छोटे-बड़े वाहनों का आना-जाना लगा रहता है ऐसे में पुल की टूटी हुई रेलिंग से दुर्घटना का भय बना हुआ है। यदि पैदल चलते बच्चों,महिलाओं या सायकल, गाड़ी में चलते लोगो से जरा भी चुक हुई तो सीधे नदी में गिरने की आशंका

▶▶|शेष पेज 10 पर





### नशे मे धुत युवक को कुत्तों ने काटा

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर शक्ति फैब्रिक्स के सामने रविवार को शाम चार बजे के आसपास शराब के नशे में मोटर सायकल चला रहे युवक ने कुत्तों के झुंड को टक्कर मारा। जिससे कुत्तों के झुंड ने मोटर सायकल युवक पर हमला कर दिया और युवक को बुरी तरीके से काटा आसपास के लोगों ने युवक को बचाया। शराब के नशे में धुत युवक को कुछ लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

## जिला चिकित्सालय में सुदृढ़ हो रही स्वास्थ्य सुविधाएं

# एक ही दिन में हुई 8 महिलाओं की नसबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लगातार सुधार के साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं में भी नई सुविधाओं में बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही जिला अस्पताल में भी सुविधाएं बढ़ रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में सोनोग्राफी सुविधा के साथ ही ओटी को अपडेट कर एफआरयू सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। जिला चिकित्सालय के ओटी को भी नए उपकरणों और संसाधनों से सुसज्जित किया गया है। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के दिशानिर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिले स्वास्थ्य

▶▶|शेष पेज 10 पर

- पिछले कुछ समय से बंद नसबंदी सुविधा पुन: शुरू



### विशेषज्ञ डॉ. की कमी के कारण नहीं हो पा रही थी नसबंदी

गरियाबंद जिला चिकित्सालय में पदस्थ शल्य चिकित्सक डॉक्टर हरीश चौहान और डॉक्टर एके हुमने द्वारा समय- समय पर पुरुष नसबंदी ऑपरेशन कार्य किया जा रहा है। पिछले दिनों पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान छुरा में 13, गरियाबंद में 7 तथा राजिम मे 9 ऑपरेशन सहित कुल 29 पुरुषों का सफल एनएसवीटी ऑपरेशन दोनों डॉक्टरों के द्वारा किया गया है। पिछले कुछ समय से जिले की परिवार नियोजन हेतु इच्छुक महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी के कारण नहीं हो पा रहा था। इस कारण जिले की महिलाओं को स्थाई रूप से परिवार नियोजन के लिए अधिक खर्चा में निजी अस्पतालों में अथवा अन्य जिलों या उड़ीसा राज्य में जाकर अपनी नसबंदी करानी पड़ती थी। मितानिनों ने भी जिले में महिला नसबंदी कराए जाने की मांग रखी थी।


बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम



बोर खनन के लिए संपर्क करें-
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है। बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# 23 हजार से ज्यादा बूथ में भाजपा की कमेटियां बनीं, अब 15 तक होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव चल रहा है। अब मंडलों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। करीब 25 हजार बूथों में बूथ कमेटियां बनानी हैं, इसमें से 23 हजार दो सौ बूथों में कमेटियां बन गई हैं। अब तक एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है, जहां पर 50 से कम सदस्य होने के कारण एडहॉक कमेटी बनाने की जरूरत पड़ी हो। वैसे सभी बूथों में चुनाव हो गए हैं, कुछ जिलों से अब तक रिपोर्ट नहीं आई है।

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अगले साल जनवरी में होना है। इसके पहले देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव हो रहे हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 20 नवंबर से बूथ कमेटियां का चुनाव प्रारंभ किया गया। यह चुनाव वैसे तो 30 नवंबर तक समाप्त हो जाना था, लेकिन तय समय तक 15 हजार बूथों में ही चुनाव हो सका था, ऐसे में प्रदेश संगठन ने समय सीमा को पांच दिसंबर तक बढ़ाया। तय समय में लगभग बूथों में कमेटियां बन गई हैं। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक अब तक 23 हजार दो सौ बूथों में कमेटियों के बनने की जानकारी आ चुकी है। बाकी स्थानों से जानकारी आनी अभी बाकी है। जिन बूथों में भाजपा के 50 सदस्य नहीं बने होंगे, वहां पर एडहॉक कमेटी बनाएंगे। इसके बाद यह कमेटी प्रयास करेगी कि वहां पर सदस्य संख्या 50 हो जाए। 50 सदस्य बनने के बाद वहां पर एडहॉक कमेटी के स्थान पर बूथ कमेटी बना देंगे। अब तक रिपोर्ट में एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है जहां पर एडहॉक कमेटी बनाने की जरूर पड़ी हो।

## अब तक एक भी बूथ 50 से कम सदस्य वाला सामने नहीं आया




### 15 तक बन जाएंगे सभी मंडलों में अध्यक्ष

भाजपा के 405 मंडलों के चुनाव के लिए 1 से 15 दिसंबर का समय तय किया गया है। एक दिसंबर को प्रदेश संगठन की बैठक के कारण मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी। प्रदेश संगठन की बैठक में तय किया गया पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला होगी। ऐसे में दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला के बाद अब तीन दिसंबर से मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे। जो भी दावेदार सामने आएंगे, उनसे पर्यवेक्षक और जिलों के पदाधिकारी बात करके सर्वसम्मति से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। जहां पर सर्वसम्मति नहीं बन पाएगी, वहां पर मतदान से चुनाव होगा। किसी भी हाल में मंडल अध्यक्ष 45 साल से ज्यादा का नहीं होगा। कार्यकारिणी में जरूर 45 साल से ज्यादा के पदाधिकारी चल जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में गाली गलौज, आरक्षक निलंबित

रायपुर। अभनपुर थाने में तैनात एक आरक्षक को एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के आदेश पर निलंबित किया गया है। आरक्षक पर शराब के नशे में लोगों के साथ गाली-गलौज करने का आरोप है। जारी आदेश के मुताबिक, आरक्षक संतोष कोसरिया को निलंबित किया गया है। आरक्षक का कृत्य रेगुलेशन के विपरीत पाए जाने पर एसएसपी ने निलंबन आदेश जारी किया है।

### गैंती गैंग के तीन और शातिर गिरफ्तार



रायपुर। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंती गैंग के तीन और बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चोरी का माल खपाने के आरोप में पकड़े गए हैं। गैंती गैंग से अब तक 45 लाख रुपए से ज्यादा के चोरी किए गए माल की बरामदगी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी मुंगेली तथा बिलासपुर जिले के रहने वाले हैं।

### शराब दुकान से बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। गोलबाजार पुलिस ने पुराना बस स्टैंड स्थित शराब दुकान से बाइक चोरी करने के आरोप में एक शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सुमित राव की शिकायत पर भाठागांव निवासी अंकित जोशी को बाइक चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया है। अंकित एक माह पूर्व 18 नवंबर को शराब दुकान के पास से बाइक चोरी कर ले गया था।

### सूने मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

रायपुर। गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़ डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी 20 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, गोगांव निवासी दुर्गेश ठाकुर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर उसके घर की चारदीवारी फांदकर अंदर घुसा और मेन गेट का ताला तोड़ आलमारी का लॉकर तोड़ सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गया।

### चोरी करते पकड़ा गया तो दंपति को ही पीट दिया

रायपुर। टिकरापारा में एक व्यक्ति ने एक चोर के खिलाफ चोरी करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बृजनगर निवासी महेसर अली ने सोनू कांचा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेसर ने पुलिस को बताया कि शनिवार तड़के उसे अपने कमरे से खट-खट की आवाज आई तो उसकी नींद खुल गया। इस दौरान कमरे में मौजूद सोनू चोरी करने की नीयत से आलमारी का लॉकर तोड़ने की कोशिश कर रहा था। पकड़े जाने पर सोनू ने महेसर तथा उनकी पत्नी के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गया।

# खंडहर हो रहे धनसुली के अटल आवास में रहने की मजबूरी, जरूरी सुविधा भी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धनसुली गांव में तीन सौ परिवारों को स्वतंत्र अटल आवास बनाकर देने के बाद हाउसिंग बोर्ड भूल गया है। कॉलोनी में जिन लोगों ने मकान रहने के लिए खरीदा, उन्हें खंडहर होता देखकर किराए पर दे दिया है। इससे वहां की सुरक्षा भी भगवान भरोसे है। आसपास खाली जमीन भी अवैध कब्जे की भेंट चढ़ने लगी है। सालभर में चार बार शिकायत करने पर भी सिर्फ सर्वे किया गया है।

■ हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी में लोग सुविधा को तरसे, सुधार के नाम पर सिर्फ सर्वे

विधानसभा के पास धनसुली गांव में 300 अटल आवास रख-रखाव के अभाव में खंडहर होने लगे हैं। इसका निर्माण गरीबों को आशियाना और सुविधा देने के लिए किया गया। इसे बनवाने के बाद अधिकारी भूल गए हैं। हाउसिंग बोर्ड ने वर्ष 2008 में कॉलोनी को बनवाया था। इसे 2010 में एक लाख 10 हजार में लोगों को बेचा गया। लोगों से पैसा लेने के बाद जिम्मेदार कॉलोनी की सुध नहीं ले रहे हैं। इससे अटल आवास में प्रापर पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई, पानी निकासी के लिए सीवरेज लाइन की सुविधा भी नहीं मिल रही है। इसके कारण जो लोग कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं, उन्हें दो कमरे, रसोई, शौचालय और स्नान गृह दिया है, लेकिन पानी निकासी, पेयजल की सुविधा नियमित नहीं होने से आए दिन परेशानी होती है।



### आस-पास होने लगा है कब्जा

अटल आवास में रहने वाले लोगों ने बताया कि चार बार सुविधा देने मांग की गई। इसके बाद सर्वे किया और फिर अधिकारी सुध लेने नहीं आए। नतीजा यह है कि आस-पास में खाली जमीन पर कुछ लोगों ने झोपड़ी बनाकर रहना शुरू कर दिया है। रात में स्ट्रीट लाइट का अभाव होने का फायदा उठाते हुए वे आए दिन चोरी, मारपीट की घटना करते हैं। किसी प्रकार से अव्यवस्था में सुधार नहीं होने से अब लोगों ने भी मकान किराए पर देकर दूसरी जगह रहना शुरू कर दिया है, इससे समस्या का सुधार भी नहीं हो रहा है।

### सुविधा ही नहीं टैक्स भी अटका

सूत्रों ने बताया कि अटल आवास को जिन लोगों ने खरीदा है, उनसे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल पानी और मेंटेनेंस टैक्स लेता है। दर्जनों परिवार कॉलोनी में ऐसे हैं, जिनके द्वारा सुविधा शुल्क जमा नहीं किया जाता। इससे लोगों पर ब्याज समेत 25 से 30 हजार का टैक्स बकाया है। ऐसे लोग मकान नहीं बेच पा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए हाउसिंग बोर्ड एनओसी नहीं दे रहा है। इससे लोग वहां फैली हुई अव्यवस्था से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। फंसे हुए लोग भी टैक्स और बकाया ब्याज चुकाने से नहीं उबर पाए हैं।



**जो समस्या है उन्हें संज्ञान में लेंगे**

वहां के लोगों से जुड़ी जो समस्याएं बता रहे हैं, उनके सुधार की प्रक्रिया शुरू की गई है। अगर आसपास कब्जे की स्थिति है, तो उसे भी संज्ञान में लिया जाएगा। *- पुरुषोत्तम साहू, ईई, हाउसिंग बोर्ड डिवीजन-2, रायपुर*

# मूणत ने 3 और वार्डों को दी 1 करोड़ के कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड में 20 लाख रुपए से आंगनबाड़ी भवन का काम शुरू करवाया। इससे पहले उन्होंने पांच सामुदायिक भवनों की मरम्मत तथा विस्तार के लिए पांच-पांच लाख के हिसाब से 25 लाख रुपए का फंड न सिर्फ मंजूर करवाया, बल्कि इनका काम शुरू करवा दिया। ये सामुदायिक भवन डबरीपारा, वासुदेव पारा, भीम नगर में है। इनके साथ ठाकुर देव भवन के नया निर्माण तथा शीतला हनुमान सामुदायिक भवन की मरम्मत का काम भी उन्होंने शुरू करवाया है।

■ जनसुविधा से जुड़ी कोई भी जरूरत वे सीधे आकर बता सकते हैं : मूणत

श्री मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड की बड़ी जरूरत पूरी करते हुए मध्यम आकार की तीन पुलिया का काम शुरू करवाया, जिससे वार्ड की बड़ी आबादी को सुविधा मिलेगी। ये पुलिया अग्रोहा कालोनी के पास, साईं मंदिर क्षेत्र और विप्र नगर में थोड़ी-थोड़ी दूरी वाली कंक्रीट रोड के साथ बनाई जाएंगी। श्री मूणत ने इस वार्ड में पुलिया के साथ सीसी रोड और सामुदायिक भवन की मरम्मत के लिए कुल मिलाकर 51 लाख रुपए के काम शुरू करवाए हैं। उन्होंने कहा, सारे काम निर्धारित समय पर पूरे होंगे और क्वालिटी से किसी तरह का समझौता नहीं होगा, इसके निर्देश निगम अफसरों को दे दिए गए हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी वार्डों के लोगों से अपील की कि जनसुविधा से जुड़ी कोई भी जरूरत वे सीधे आकर बता सकते हैं। प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों का एस्टीमेट बनवाकर फंड की व्यवस्था की जाएगी और काम तुरंत शुरू कर दिया जाएगा।

# सेक्सटार्सन का भय दिखाकर लूट, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से अपने झांसा में लेकर सेक्सटार्सन का भय दिखाकर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने दो महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक फर्जी पुलिस भी शामिल है। बदमाशों ने एक मोबाइल कंपनी में काम करने वाले कर्मी को वाई-फाई लगाने का झांसा देकर आठ हजार रुपए की लूट की थी।

■ गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं शामिल

पुलिस के मुताबिक राघव मिश्रा सहित अन्य से लूट करने के आरोप में आमानाका निवासी प्रदीप सिंग बोपाराय, कबीर नगर मीडिया सिटी निवासी यश प्रजापति, कोटा निवासी मदन सोना, कबीर नगर निवासी खुशबू तिवारी, आमानाका डुमरतलाब निवासी अन्नू अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप सिंग के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है।



### भागने पर बंधक बनाकर लूटपाट

पुलिस के अनुसार राघव ने स्थिति को भांपते हुए घर से मां का कॉल आने की बात कह कर भागने की कोशिश की। घर के बाहर पहले खुशबू तथा अन्नू के साथियों ने राघव को घेर लिया। इसमें एक आरोपी ने अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर राघव के साथ मारपीट की। इसके बाद एक बदमाश ने राघव के गले में चाकू अड़ाकर पेमेंट गेटवे से यश के अकाउंट में जबरन आठ हजार रुपए ट्रांसफर कराया।

### पेमेंट गेटवे के नंबर से पकड़े गए बदमाश

पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों को यकीन था कि राघव उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराएगा। इसीलिए बदमाशों ने राघव के पास नकदी रकम नहीं होने के बावजूद उसके मोबाइल के पेमेंट गेटवे से रकम ट्रांसफर कराने का साहस दिखाया। पुलिस ने मोबाइल के माध्यम से बदमाशों के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए पेमेंट गेटवे के नंबर के आधार पर ट्रेस कर गिरफ्तार किया।

### आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ लूट

पुलिस के मुताबिक सेक्सटार्सन के आरोप में गिरफ्तार गिरोह ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को झांसा देकर सूनसान जगह पर बुलाकर लूट की है। लोक लाज के भय से लोग थाने में शिकायत करने से बचते थे। इसका फायदा उठाकर बदमाश लोगों के साथ ऑनलाइन लूट की घटना को अंजाम देते थे।

### वाई-फाई लगाने का झांसा देकर बुलाया

पुलिस के अनुसार अन्नू अग्रवाल ने यश प्रजापति के परिचित राघव का मोबाइल नंबर हासिल कर अपने घर में वाई-फाई लगाने कॉल किया। अन्नू ने राघव को अपना नाम पायल साहू बताया। अन्नू द्वारा भेजे गए मोबाइल लोकेशन पर राघव पहुंचा, तो सूनसान जगह पर अन्नू, राघव को एक झोपड़ीनुमा मकान में ले गए। वहां खुशबू पहले से मौजूद थी। इस दौरान खुशबू ने राघव पर फिजिकल संबंध बनाने दबाव बनाया।

# छाए बादलों से मौसम में बदलाव आज-कल हल्की बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छाए बादलों के प्रभाव से रायपुर समेत मध्य और बस्तर सहित दक्षिण में मौसम में बदलाव हो गया है। हवा की गति अधिक होने की वजह से दिन में ठंडकता बढ़ी है, मगर रात का पारा चढ़ा हुआ है। रविवार और सोमवार को दोनों हिस्सों में हल्की बारिश अथवा बूंदाबांदी की संभावना है।

■ नमी के साथ हवा के सम्मिलन का प्रभाव बस्तर और मध्य हिस्से में

बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में आने वाली नमी के साथ पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा का सम्मिलन हो रहा है। इसका असर उत्तर को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में हो रहा है।

शनिवार को जगदलपुर में 11.5 मिमी. बारिश हुई, वहीं शहर में दोपहर कुछ देर तक छींटे पड़े। इसके बाद हवा की गति अधिक होने की वजह से ठंडकता का अहसास होता रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो दिन तक प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर बन रहा है।

रविवार शाम से लेकर सोमवार की रात तक रायपुर समेत कई इलाकों में हल्की बारिश की प्रबल संभावना है। दस दिसंबर के बाद मौसम सामान्य होना प्रारंभ होगा। 10-11 की दरम्यानी रात न्यूनतम तापमान में पुनः कमी आने की संभावना है। अभी रायपुर में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से 6 डिग्री अधिक है। दिन का अधिकतम तापमान सामान्य स्थिति में था।



### उत्तर में ठंड का असर

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर यानी सरगुजा और उससे लगे बिलासपुर संभाग में मौसम का बदलाव नहीं होगा। रात के वक्त वहां अच्छी ठंड पड़ रही है और तापमान आठ डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है। बीते चौबीस घंटे में सबसे कम तापमान 8.8 अंबिकापुर का दर्ज किया गया था।

# सफारी में व्हाइट टाइगर के तीन शावक दो माह बाद करेंगे धमाचौकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर कानन पेंडारी जू से जंगल सफारी लाए गए भाई-बहन जया तथा देवा नाम के व्हाइट टाइगर का एकाकीपन दूर करने सफारी प्रबंधन ने व्यवस्था की है। सफारी प्रबंधन ने पांच माह पूर्व जया नामक व्हाइट टाइग्रेस को मैत्री बाग जू शिफ्ट करने के साथ ही उसके स्थान पर रक्षा नामक व्हाइट टाइग्रेस के साथ अदला-बदली की। भाई-बहन का एकाकीपन दूर होने के बाद जंगल सफारी में एक माह पूर्व देवा तथा रक्षा के मिलन से सफारी में व्हाइट टाइगर का कुनबा बढ़कर दो से पांच पहुंच गया। रक्षा ने एक माह पूर्व तीन व्हाइट टाइगर को जन्म दिया है। तीनों पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर के मुताबिक तीनों शावकों को वन्यजीव चिकित्सकों की निगरानी में आइसूलेशन वार्ड में रखा गया है। शावकों के पास किसी को जाने की अनुमति नहीं है। शावकों के साथ उसकी मां को किसी भी तरह के संक्रमण से बचाए रखने पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।



### दो माह बाद विजिटर धमाचौकड़ी देख सकते हैं

सफारी में व्हाइट टाइगर के शावकों की धमाचौकड़ी देखने सफारी में आने वाले विजिटर को इंतजार करना होगा। विजिटर शावकों की धमाचौकड़ी दो माह बाद देख सकेंगे। शावकों की उम्र महज एक माह है, इसलिए शावकों को अभी खुले में नहीं छोड़ा जा सकता। शावक अपनी मां के पास पर्याप्त समय तक रह सकें, इसके लिए रक्षा को भी खुले में नहीं छोड़ा जा रहा।

## पेज 9 के शेष...

### पंचायत परसदा सोंठ...

नक्शा प्रस्तुत करने पत्र अनुसार जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है। इसी तरह से जनपद पंचायत अभनपुर से कार्यपालन अधिकारी के आदेशानुसार शिकायत की दिनांक 18 नवंबर, 29 नवंबर एवं 4 दिसंबर को सभी बिंदुओं पर जांच किया गया। सरपंच माहेश्वरी-तिलक साहू द्वारा किए गए गबन तथा भ्रष्टाचार के संबंध में शिकायतकर्ता रामजी खिलवारे एवं संतराम वार्ले ने विस्तार से बताया कि गांव के भाटापारा एवं बस्तीपारा में नाली निर्माण के नाम पर 8 लाख पंचायत से आहरण किया गया है, जबकि नाली निर्माण हुआ ही नहीं है। मात्र दो जगह पर पाइप डाला गया है उसी को ही नाली निर्माण कार्य बताया जा रहा है, इसी तरह से गोठान में पेयजल के लिए बोर खनन के नाम पर 438000 रूपए का आहरण किया गया है जिसमें एक बोर के नाम पर 111000 रूपए का व्यय किया जाना बताया जा रहा है। इसी प्रकार से इसमें 327000 रूपए का आर्थिक गबन किया गया है।

साथ ही गौठान में भी गौ माता के साथ कृष्ण भगवान की मूर्ति वर्ष 2020 में स्थापित किया है, इसके भुगतान के लिए 25000 मूर्तिकार संजय चक्रधारी नवागांव को करने के लिए आहरण किया गया है, जिसका भुगतान मूर्तिकार द्वारा 26 अक्टुबर के दिए गए पत्र अनुसार भुगतान नहीं किया गया है, इस प्रकार से मूर्ति के नाम पर 25000 का गबन किया गया है, इसी तरह से गांव के शासकीय भूमि से चोरी से लकड़ी बेचकर 40000 का गबन किया है जिसको राजस्व कर्मचारी के द्वारा जांच प्रतिवेदन में सही पाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने आगे कहा कि सरपंच पति तिलक साहू ने अपने पत्नी महेश्वरी साहू के पद का लाभ लेते हुए( मनरेगा) रोजगार गारंटी योजना के तहत 511 दिन का मजदूरी भुगतान 10200 रुपए का मजदूरी राशि बिना कार्य किया प्राप्त किया है, इसके अतिरिक्त सरपंच पद पर होते हुए रसोईया एवं साक्षरता बहनों के नाम से अलग-अलग मानदेय राशि शासन से प्राप्त की है।

### चोरी के दो अलग...

निवासी लुकुपाली महासमुंद, मुकेश उर्म मुक्कु निषाद निवासी पण्डरीपानी थाना छुरा, हुकेश्वर सोरी निवासी पण्डरीपानी थाना मैनपुर के कब्जे से 115 नग प्लास्टि के कुर्सी एवं 29 नग लोहे का सेटरिंग प्लेट को बराबद कर समक्ष गवाहन के जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त सबुत पाए जाने से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना मैनपुर प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा, जोहन ध्रुव, राजकुमार साहू, हरिशचंद्र धुरव, प्रमोद यादव, प्रवीण वर्मा सायबर टीम मनीष वर्मा, अंगदराव, सतीश गिरी, देवेन्द्र सोनवानी एवं अन्य का विशेष योगदान रहा।

### रेलिंग टूटी, दुर्घटना...

है। बता दें कि विगत दो-तीन माह से टूटे रेलिंग की किसी भी अधिकारी ने सुध नही ली है। 1 किलोमीटर के पुल में दोनों ओर लोहे की रेलिंग लगी हुई है जो लगभग 30 जगहों से टूटी हुई है। पुल सकरी होने के कारण पैदल या सायकल से चलने वाले राहगीरों को किनारे चलना पड़ता है। किंतु ज्यादा किनारे चले तो टूटी रेलिंग से नदी में गिरने का भय है। अभी इस मार्ग से धान से भरे बड़े ट्रक दिन भर गुजरते रहते है। जो सकरी पुल के दो तिहाई हिस्से को घेर कर चलते है ऐसे में राहगीर को चलने के लिए जगह नहीं बचती।

### एक ही दिन में...

केंद्रों में लगातार सुविधाएं विकसित की जा रही है। इसी तारतम्य में जिला अस्पताल में पिछले कुछ समय से बंद नसबंदी सेवा पुनः प्रारंभ हो गई है। जनसंख्या नियंत्रण व परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय गरियाबंद में दूरबीन पद्धति से 8 महिलाओं का सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया। इस दौरान जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जो स्वयं भी स्त्रीरोग विशेषज्ञ हैं वहां उपस्थित रही।

**जिले में पुरुष नसबंदी की अपेक्षा महिलाओं में दिखा रुझान-** जिले में पुरुष नसबंदी की अपेक्षा महिला नसबंदी के प्रति अधिक रुझान देखने को मिलता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इस बात को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र पहल करते हुए रविवार को जिला चिकित्सालय गरियाबंद में महिला नसबंदी ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में पदस्थ गाइनेकोलॉजिस्ट एवं लेप्रोस्कोपिक विशेषज्ञ डॉक्टर शोमी चंद्राकर के द्वारा कुल 8 महिलाओं का दूरबीन पद्धति से सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया। महिला नसबंदी शिविर को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय के निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र चौधरी, ओटी स्टाफनर्स की टीम, राजिम के प्रभारी बीईटीओ योगेश पराना, सुपरवाइजर केके कृषाणु सहित मितानिन बहनों का सहयोग रहा।

# रायपुर शहर जिला में अब भाजपा के 20 मंडल, चार नए बनाने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## प्रदेश संगठन का फैसला एक मंडल में 45 से 50 बूथ होंगे




भाजपा के संगठन चुनाव के बीच में शहर जिला रायपुर की कार्यशाला में शनिवार को चार नए मंडल बनाने का फैसला किया गया। इसी के साथ अब रायपुर शहर जिला में भाजपा के 16 के स्थान पर 20 मंडल हो गए हैं। अब यहां पर 20 मंडल अध्यक्षों का चुनाव होगा। प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, कई मंडलों में 80 से 90 तक बूथ हैं। ऐसे में एक मंडल में 45 से 50 बूथ करने का फैसला किया गया है।

रायपुर के साथ प्रदेशभर के जिलों में जहां पर एक मंडल में ज्यादा बूथ हैं, वहां पर मंडलों की संख्या में इजाफा किया जाएगा। कार्यशाला में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने बताया, प्रदेश संगठन से हमने रायपुर में मंडलों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था जिसे प्रदेश संगठन द्वारा स्वीकार्य कर लिया गया है और अब रायपुर शहर जिला में 16 की जगह 20 मंडल होंगे। रायपुर शहर जिला में 4 नए मंडल मां बंजारी मंडल, मोवा मंडल, टाटीबंध मंडल और भाटागांव मंडल बनाए गए हैं। ये मंडल आज से तत्काल प्रभाव में अस्तित्व में आ जाएंगे साथ ही रामसागर पारा मंडल का नाम अब रामनगर मंडल के नाम से जाना जाएगा। संगठन चुनाव रायपुर सहप्रभारी राजीव अग्रवाल ने संगठन चुनाव संबंधित विस्तृत जानकारी को वृत्त की तरह रखा। उन्होंने मंडल वार बूथ कमेटी के गठन का आंकड़ा रखा। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रक्रिया के माध्यम से क्रमशः बूथ द्वारा मंडल अध्यक्ष , मंडल अध्यक्षों द्वारा जिला और जिला अध्यक्षों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा जिसके पश्चात हमें नए राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलेंगे। रायपुर शहर जिला के संगठन चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा ने संगठन चुनाव के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। संगठन चुनाव रायपुर शहर जिला के चुनाव समन्वयक नारायण चंदेल ने भी कहा संगठन का चुनाव तय समय पर करना अति आवश्यक है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में विधायक मोतीलाल साहू , प्रफुल्ल विश्वकर्मा, श्रीचंद सुंदरानी, नंदकुमार साहू , नलिनेश ठोकने, मीनल चौबे, ललित जयसिंह , गोपी साहू , शैलेन्द्री परगनिहा, मनीषा चंद्राकर, हरीश ठाकुर, आशु चंद्रवंशी, चन्नी वर्मा, सुभाष अग्रवाल, संजय तिवारी, तुषार चोपड़ा, खेमकुमार सेन, रमेश मिरघानी, जितेंद्र गोलछा, अनिल बाग, सुनील चौधरी, सीमा संतोष साहू, हरशीला रूपाली शर्मा सहित रायपुर शहर जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### एसीआई के डॉ. श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान



रायपुर। डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) डॉ. स्मित श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान मिला है। यह सम्मान प्राप्त करने वाले राज्य के पहले कार्डियोलॉजिस्ट बने हैं डॉ. श्रीवास्तव। उन्हें लखनऊ में राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के फैलो का सम्मान देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों मिला। देशभर से मात्र 15 कार्डियोलॉजिस्ट इस सम्मान के लिए चयनित किए गए हैं।

### पंजाब केसरी रोड पर होगा नई नाली का निर्माण

रायपुर। साईंनगर जोरा की जनता को पंजाब केसरी रोड पर नई नाली निर्माण के लिए 75 लाख रुपए से भी ऊपर की धनराशि की सौगात मिलेगी। विगत वर्षों का इंतजार समाप्त होता देखकर साईंनगर, प्रोफेसर कॉलोनी और जोरा की जनता में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। यह राशि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन और क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा, धरसींवा विधानसभा से डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष, साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर के संयुक्त प्रयासों से नई नाली निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा 75 लाख रुपयों से भी ऊपर का प्राक्कलन तैयार करके प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बाबत शासन की ओर बढ़ा दिया गया है।

### पर्यावरण समिति ने मंडल परिसर में रोपे पौधे

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल परिसर में शनिवार को चंपा और टिकोमा के आकर्षक पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आल इंडिया बिजली कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी सदस्य अरुण देवांगन और समिति के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने मंडल के मुख्य द्वार पर बने लॉन एरिया में पौधे लगाए। समिति के उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि पर्यावरण समिति ने मंडल के नवनिर्मित भवन को सुंदर बनाने के लिए परिसर में चंपा, टिकोमा सहित कई प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। पौधारोपण का नेतृत्व कृषि वैज्ञानिक डॉ. जेएस उरकुरकर ने किया।

## धान खरीदी : रसेला खरीदी केंद्र में 14 चबूतरों में रखा 21 हजार क्विंटल धान जाम

# खरीदी केन्द्रों से धान का परिवहन नहीं होने के कारण बन रहे जाम के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

■ खरीदी धान को फड में रखने के लिए जगह का अभाव

क्षेत्र के सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान के स्टाक जमा होने से और धान उठाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से समितियों के अधिकारी -कर्मचारी परेशान नजर आ रहे हैं। रसेला समिति के प्राधिकृत अधिकारी भुवेन्द्र मरकाम ने जिले के प्रभारी मंत्री के कार्यलय में लिखित में और जिले के विपणन अधिकारी को इस बात की सूचना देते हुए धान उठाव का निवेदन किया गया। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से समितियों के प्रभारियों चिंतित हैं। अगर ऐसी स्थिति रही तो आने वाले दिनों में धान खरीदी प्रभावित हो सकता है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की मंशा अनुरूप समितियों द्वारा 14 नवंबर से धान की खरीदी नीति के परिपालन में क्षेत्र के समस्त उपार्जन केन्द्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी किया जा रहा है। लेकिन अब तक धान का उठाव नहीं होने की वजह से समितियों में भारी मात्रा में धान जाम हो गया है। इसके अलावा मौसम के बिगड़ते मिजाज ने समिति प्रभारियों की चिंता और बढ़ा दी है। रसेला धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि बम्फर लिमिट से ज्यादा धान खरीदी हो गया है। खरीदी केंद्र में 21,000 से 22,000 क्विंटल धान खरीदी केन्द्र पड़ा हुआ है, जबकि बम्फर लिमिट 7200 क्विंटल है, याने कि 3 गुणा ऊपर बम्फर लिमिट से अधिक धान की खरीदी हो गई है। तत्पश्चात धान उपार्जन केन्द्र से धान के परिवहन के अभाव में बपर लिमिट से अधिक धान की खरीदी हो जाने तथा खरीदी धान को फड में रखने के लिए जगह का अभाव हो रहा है। जिससे जगह के अभाव में उपार्जन केन्द्रों के द्वारा आने वाले दिनों में धान खरीदी करना संभव नहीं है। जिसकी सूचना शासन प्रशासन को अवगत करा दिया गया है। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। शासन प्रशासन को तत्काल धान उठाव की व्यवस्था करना चाहिए।



### समितियों पर नुकसान की भरपाई की जिम्मेदारी

समिति प्रबंधक ने बताया की समिति पर केवल खरीदी की जिम्मेदारी होती है और नियमानुसार खरीदी की गई, धान का परिवहन की जिम्मेदारी विपणन संघ की होती है। वर्ष 2021 में समय पर परिवहन नहीं कराया जा सका। परिवहन में देरी होने के कारण बारिश, तूफान आदि प्राकृतिक आपदा के कारण खरीदी केन्द्रों में रखे धान की गुणवत्ता कुछ खराब हो गयी थी। भीगे हुए बोरे को बार-बार पल्टी करने आदि में समितियों को अतिरिक्त मजदूरी भी देनी पड़ी। परंतु विपणन संघ ने परिवहन विलंब के संबंधी अपनी लापरवाही पर परदा डालते हुए नुकसान की भरपाई की जिम्मेदारी समितियों पर थोप दी। रसेला खरीदी केंद्र में 14 चबूतरों में 21,000 क्विंटल धान भरा पड़ा हुआ है।

### केंद्रों में उठाव नहीं, धान जाम

मैनपुर। जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के सभी धान खरीदी केन्द्रों में इन दिनों परिवाहन नहीं होने के कारण धान की छल्ली लगी हुई है और पिछले दो दिनों से क्षेत्र में मौसम का मिजाज बिगड़ जाने से लगातार हल्की बारीश बदली से चिंता बढ़ गई है। धान खरीदी केन्द्रों में उठाव नहीं होने के कारण जाम लग गया है। जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुर धान खरीदी केन्द्र का यह तस्वीर बारिश से धान को बचाने के लिए पॉलीथिन ढांकते नजर आए।



## बीजू योजना के समकक्ष हो आयुष्मान का पैकेज संशोधन की उठी डिमांड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले दस साल से लंबित आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के पैकेज को ओडिशा के बीजू स्वास्थ्य कार्यक्रम के समकक्ष लाने की सिफारिश की गई है। इसके साथ लगातार डिमांड के बाद भी लंबित भुगतान पर किसी तरह की ठोस पहल नहीं किए जाने पर चिकित्सकों ने चिंता जताई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रायपुर अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, सचिव डा. दिग्विजय सिंह तथा डा. विकास अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग दोहराई है। डा. गुप्ता ने बताया कि सभी शासकीय और निजी अस्पतालों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना अंतर्गत करीब 1500 करोड़ का भुगतान कई महीनों से लंबित है। सामान्य सभा की मीटिंग में आईएमए प्रतिनिधियों ने सहमति जताई है कि बकाया राशि का भुगतान ना होने पर अस्पताल संचालक उपवास सहित धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस दौरान भुगतान की पारदर्शी प्रणाली विकसित किए पर भी जोर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी गई है कि जुलाई 2024 के बाद एक प्रतिशत ब्याज सहित लंबित भुगतान का निराकरण किया जाए।

# धान खरीदी में अव्यवस्था, 10 को कांग्रेस का प्रदेशव्यापी धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, किसानों को हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध में कांग्रेस पार्टी 10 दिसंबर को प्रदेश के सभी ब्लॉकों में धरना प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया। अभियान में सभी नेता, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में गये। उन्होंने कहा, प्रदेश के धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। सरकार की कोशिश है, कम से कम धान खरीदी की जाये।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, दीपक बैज, रविन्द्र चौबे ने बताया कि खरीदी केंद्रों में कांग्रेस नेताओं ने देखा कि बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग खरीदी में किया जाना था। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि आनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि धान बेचने के बाद किसानों के खाते में 72 घंटे में पैसा आयेगा, लेकिन रकम हफ्तों तक नहीं आई, जो रकम आ रही है वह एकमुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रुपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है। सोसाइटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है, जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसाइटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेबर चार्ज बढ़ गया, इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया।

### 15 दिन बढ़ाई जाए खरीदी की तिथि- धनेंद्र

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा, धान खरीदी में टोकन की व्यवस्था पर कांग्रेस पार्टी ने लगातार आवाज उठाने के बाद सरकार ने 60-40 प्रतिशत आदेश दिया है। ऐप में देखा कि 15 जनवरी तक टोकन 60 प्रतिशत तक भरा हुआ है, जबकि 31 जनवरी आखिरी तारीख है। बड़े किसान और मध्यम किसान धान नहीं बेच पाये हैं। प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाये। टोकन व्यवस्था को ठीक किया जाये। धान खरीदी की तारीख 15 दिन बढ़ायी जाये, तब सभी किसान धान बेच पायेंगे।

### शिवरतन शर्मा बोले- भ्रम फैलाने ही कांग्रेसी धान खरीदी केंद्रों में घूम रहे

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, अपनी लगातार हार से बौखलाई कांग्रेस हर मुद्दे पर मुंह की खाने के बाद अब धान खरीदी पर झूठ फैलाने में लगी है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा आंदोलन करने की घोषणा को कांग्रेस की बौखलाहट का परिचायक बताते हुए कहा, धान खरीदी को लेकर कांग्रेस के नेता जिस तरह अनर्गल प्रलाप करके धान खरीदी की समूची प्रक्रिया के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर प्रदेश को गुमराह करने में लगे हैं, वह कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र ही है। सिर्फ भ्रम फैलाने के लिए ही कांग्रेस के लोग समितियों के धान खरीदी केंद्रों में घूम रहे हैं। कांग्रेस का यह झूठ कभी परवान नहीं चढ़ पाएगा। श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस के तीन-तीन पूर्व मंत्री टोकन नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं। यह कांग्रेस का एक और नया झूठ है। हम यह आंकड़ा पेश कर सकते हैं कि धान खरीदी से कितने कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री लाभान्वित हुए हैं, किन-किन कांग्रेस नेताओं ने कितना-कितना धान बेचा है और उसका कितना भुगतान उनके खातों में जमा हुआ है। श्री शर्मा ने कहा, यह बेहद आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस सरकार के अनेक पूर्व मंत्री तक यह स्वीकार कर रहे हैं कि पहले कुछ दिक्कत थी अब दिक्कत नहीं है।

# साइंस कॉलेज यूथ हब तोड़ने के विरोध में उतरे पूर्व विधायक

रायपुर। साइंस कॉलेज यूथ हब को तोड़ने को लेकर शनिवार को पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने दुकानदारों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए बीजेपी सरकार पर रोजगार छीनने आरोप लगाया। उन्होंने कहा, साइंस कॉलेज यूथ हब 8 से 9 करोड़ की लागत से बनी स्मार्ट सिटी की योजना थी, जिसको इम्प्लीमेंट सरकार के अधिकारियों ने किया। इसमें किसी भी प्रकार का विवाद नहीं, बल्कि जो रायपुर पश्चिम के विधायक हैं, उनकी एक जिद और हठधर्मिता के कारण वो उसे उजाड़ने का काम उसे तोड़ने का काम बखूबी करते हैं। उन्होंने कहा, लगभग साल-डेढ़ साल से इस यूथ हब में स्टालों का संचालन हो रहा है, जबकि इसको लेकर विधायक राजेश मूणत द्वारा पूर्व में अफवाह फैलाई गई कि इसके खुलने से अपराध को बढ़ावा मिलेगा, नशे के कारोबार बढ़ेंगे, चाकूबाजी और हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं होंगी।






# अंचल के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच कर जिले का करते हैं नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम जटियातोरा एवं चिंगरमाल में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जहां रविवार को दोनों जगह कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला था। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ग्राम चिंगरमाल एवं जटियातोरा पहुंचे जहां आयोजन कर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं मंच से संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार का आयोजन बहुत ही सराहनीय है और इस आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता देखने को मिलता है। और आगे यही ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच कर अपने अंचल और जिले का नाम रोशन करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे खेल के पूरे समापन तक रुकने देखने की इच्छा तो होती है पर जिम्मेदारियों से बंधा हूं आगे और भी कई गांवों में कार्यकम है जहां मुझे पहुंचना होता है। इस दौरान विधायक ने अपने खेल के दिनों को याद करते हुए यादों को साझा करते हुए कहा कि मैं भी अपने खेल का कैरियर कबड्डी के खेल से शुरुआत की थी जिसके बाद मैं खेल शिक्षक और खेल अधिकारी के पद पर पहुंचा था। और अब पिछले चौदह वर्षों से नौकरी को छोड़कर आप सभी का सेवक बनकर एक विधायक के रूप में सेवा कर रहा हूं। और मुझे कबड्डी के खेल के प्रति आज भी इतना लगाव है कि कहीं कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन होता है तो मैं बिना बुलाए भी चला जाता हूं।

### आयोजक समिति को दिए 5 हजार रुपए

वहीं ग्राम चिंगरमाल एवं ग्राम जटियातोरा में खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करने के लिए पांच -पांच हजार रुपए आयोजक समिति को प्रदान किए। साथ ही ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा के लिए पांच लाख रुपए का सीसी रोड के लिए घोषणा भी करते हुए कहा कि इसी महीने यह रोड का कार्य पंचायत को मिल जाएगा। साथ ही विधायक ने सभी आयोजन कर्ताओं एवं ग्राम वासियों को इस आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं दोनों गांवों के ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी ग्रामवासी आपके आभारी हैं जो हमारे इस आयोजन में समय निकालकर पहुंचे, साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि हम अपने क्षेत्र में पहली बार ऐसे विधायक देखते हैं जो कि गांवों के छोटे-छोटे कार्यों और आयोजनों में समय निकालकर सुख और दुख में पहुंचते हैं और ये संबंध ऐसा ही बना रहे। इस अवसर पर ग्राम चिंगरमाल एवं ग्राम जटियातोरा के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्राम प्रमुख, आयोजन समिति, वरिष्ट नागरिकों, खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ब्लाक कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल



**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के अहावान पर किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा नगर में 10 दिसंबर को धरना प्रदर्शन किया जायेगा और रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने आगे कहा की जबसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है किसान, मजदूर,आम जनता सभी परेशान हो गए है जनता से किया वायदा से भाजपा सरकार मुकर रही है किसानों को 31 सौ रूपये समर्थन मूल्य एक मुश्त देने की बात कही थी यह बात जुमला शाबित हुआ। किसानों को धान का प्रति क्विंटल अभी 2300 रूपये दे रहे बाकि का बकाया राशि कब देंगे पता नही किसानों को झुठा वादा करते सत्ता प्राप्त किया है।

### गायत्री दीप यज्ञ कर बच्चों को लोवर, टी शर्ट वितरण



**सरायपाली।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होकर कन्या आश्रम के बच्चों व स्टाफ के साथ गायत्री दीप यज्ञ आयोजन किया गया।विकास खंड के शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम बैदपाली में अध्यनरत पहली से पांचवी के बच्चों के साथ गायत्री दीप महायज्ञ कर कोसरिया के निज सहायक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर का जन्मदिन मनाया गया साथ ही बच्चों को लोवर और टी शर्ट वितरण किया गया। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होना मेंरे लिए सौभाग्य का विषय है।

### शरीर को तंदुरुस्त रखने बच्चों ने किए योगासन

**सरायपाली।** शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लंबर में बैगलेश डे पर योग व्यायाम के साथ पीटी कराया गया। वहीं करें योग रहें निरोग की थीम को लेकर स्काउटर गिरीश कुमार पाढ़ी द्वारा अपने स्कूल के बच्चों को योग कराया गया। जिसमे शारीरिक सुरक्षा के साथ साथ शरीर को तंदुरुस्त रखने विभिन्न प्रकार के आसन जैसे ताड़ासन, गरुड़ासन, भुजंगासन, पद्मासन, हस्तपादासन के साथ सूर्य नमस्कार करना सिखाया गया। स्काउटिंग विधा के अंतर्गत बीपी सिक्स व्यायाम ड्रील मार्च पास्ट के साथ में पीटी कराया गया।

## निधन

### निर्मला सोनी



**फिंगेश्वर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत पूर्व जनपद सीईओ दिनेश सोनी की धर्मपत्नि सेवानिवृत शिक्षिका निर्मला सोनी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य लोग शामिल हुए। वे सेवानिवृत्त प्रधानपाठक स्व. चंदूलाल सोनी की पुत्री एवं सोनी ऑटो पार्टस के संचालक मदन सोनी की बहन एवं नेहा सोनी की माता थी।

**कार्यक्रम :** विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

# युवा उत्सव से विद्यार्थियों की छुपी प्रतिभा उभर कर आती है सामने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद क्रीड़ा अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर खलको मैडम एवं ब्लॉक नोडल प्रभारी हरिश्चन्द्र निषाद के मार्गदर्शन में ब्लाक स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूमा में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू (सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद) एवं अध्यक्षता शाला के प्राचार्य वर्षा नेताम ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश साहू जनपद उपाध्यक्ष फिंगेश्वर, दुर्गा, छन्नू साहू सरपंच ग्राम पंचायत धूमा जगदीश साहू जनपद सदस्य उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। युवा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत लोकगीत, लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य कविता वाचन, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, विज्ञान प्रदर्शनी, हस्तशिल्प आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोकनृत्य (समूह नृत्य) में राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम प्रथम, लोकगीत एकल में भूपेश देवांगन प्रथम एवं लक्ष्मी गोस्वामी द्वितीय लोक नृत्य कला में ख्याति प्रथम मोनिका द्वितीय रहे।कहानी लेखन में तेजेस्वरी साहू प्रथम और उमाशंकर साहू द्वितीय रहे। चित्रकला में हरिश्चंद्र प्रथम और ओजश्वी साहू द्वितीय और विज्ञान प्रदर्शनी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा प्रथम और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूमा द्वितीय रहे। हस्तशिल्प में जिज्ञासा प्रथम,कविता गायन में पलक निषाद प्रथम और द्रोण कुमार द्वितीय रहे तात्कालिक भाषण में ओंकार साहू प्रथम और पुष्पेंद्र साहू द्वितीय स्थान रहे।





### रचनात्मक एवं सृजनात्मता का विकास

पूरनलाल साहू प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्रियां प्राप्त करना ही नहीं बल्कि युवाओं को संस्कारवान, विचारवान एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाना भी है। ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से युवाओं में रचनात्मक एवं सृजनात्मता का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन दिनेश्वर साहू शिक्षक एवं ओंकार साहू ने किया। वहीं आभार व्यक्त वर्षा नेताम प्राचार्य ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी, नोडल हरिश्चन्द्र निषाद, प्राचार्य पूरनलाल साहू, ओमप्रकाश सिन्हा, रूप नारायण निर्मलकर, व्याख्याता दुष्यंत वर्मा, क्रांति साहू, मीनाक्षी शर्मा, प्राची ठाकुर, उमाकांत साहू, तुला राम साहू, चंद्रहास साहू, गोपकुमार साहू, राघवेंद्र यदु, मन्नू लाल ध्रुव एवं शाला के शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

### आज के युवा कल के भविष्य

इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही 10 दिसंबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि युवा उत्सव के माध्यम से छात्र-छात्राओं में छुपी हुई प्रतिभा उभरकर सामने आती है। यह युवाओं को अपने कौशल और क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों की सफलता पर माता-पिता के साथ-साथ गुरु को भी खुशी होती है। युवा उत्सव कार्यक्रम से न केवल जिला, राज्य, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आपकी पहचान बनती है। योगेश साहू जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि आज के युवा कल के भविष्य है।



## सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप युकां ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

प्रदेश युवा कांग्रेस के अहवान पर गरियाबंद जिला युवा कांग्रेस एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस के नेतृत्व में ब्लॉक युवा कांग्रेस देवभोग द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य एकमुश्त न देकर किसानों के साथ वादा खिलाफी करने पर प्रदेश के भाजपा सरकार के विरोध में तहसील कार्यालय देवभोग का घेराव आयोजन किया गया। जिसमें युवक कांग्रेसी पैदल मार्च करते हुए गांधी चौक से तहसील कार्यालय देवभोग पहुंचे। जहां तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। इस अवसर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गौरव मिश्रा, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष भविष्य प्रधान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र माझी, पूर्व जिला अध्यक्ष केशू सिन्हा, प्रदेश सचिव उमेश डोंगरे, ब्लॉक महामंत्री अरुण सोनवानी, जनपद उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, अल्तमस खान, अनमो बघेल, वेणु डोंगरे, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पांडे, आशीष पांडे, नवीन साहू, सूरज यादव, गुलाब आडिल, निराकार डोंगरे, चतुर्भुज सोना, भोजलाल माझी, प्रेम नागेश, सैकड़ों कांग्रेसी शामिल रहे।

### लोक बयार के कलाकारों ने देर रात रात तक दर्शकों को बांधे रखा





**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर ग्राम गौरघाट में शनिवार रात छत्तीसगढ़ी आर्केटा लोक बयार का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ी आर्केटा के कलाकारों ने देर रात तक अपने मधुर गीत संगीत व नृत्य से हजारों दर्शकों को बांधे रखा।

## सीएम साय से विधायक रोहित ने की मुलाकात...



**राजिम।** सीएम विष्णुदेव साय से राजिम विधायक रोहित साहू ने सौजन्य मुलाकात किया। इस मुलाकात में उन्होने राजिम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी उन्हें दी।

### मंत्री शिवराज को पूर्व कृषि मंत्री ने दी शुभकामनाएं



**नवापारा-राजिम।** केंद्रीय कृषि कल्याण ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्यसभा में किसानों को फसलों में 50% से ज्यादा का एमएसपी तय करने के साथ ही किसानों के उपज खरीदी कर किसानों को लाभकारी मूल्य देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए आश्वस्त किया है जिसके लिए चंद्रशेखर साहू पूर्व कृषि मंत्री ने केंद्र मंत्री शिवराज सिंह चौहान को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह कदम मोदी सरकार की गारंटी वादा को पूरा करने की गारंटी है। चंद्रशेखर साहू ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बहुत ही दूरदर्शिता से काम कर रही है पहले वर्ष 2013-14 में मात्र 21900 करोड़ रुपए का कृषि के लिए बजट था जो अब मोदी सरकार में बढ़कर 122528 करोड़ किसी बजट हो गया है। सरकार का लक्ष्य है कि उत्पादन बढ़ाये उत्पादन की लागत, घटे उत्पादन का, उचित मूल्य मिले फसल नुकसान हो तो उसके भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के द्वारा किया जाना प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों का आय बढ़ाने की दिशा में काम करने जा रही है। पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाते रही है कांग्रेस सत्ता में रहते हुए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशो को स्वीकार नहीं किया और किसानों को एमएसपी देने से इंकार कर दिया। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के सम्मान के लिए किसान सम्मान निधि के रूप में 12000 सीधे किसानों के खातों में दिए जाकर किसानों का सम्मान किया जा रहा है।

# देवी देवताओं की शोभायात्रा निकालकर की क्षेत्र में समृद्धि और खुशहाली की कामना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के गांव- गांव में इन दिनों आदिवासी परंपरा अनुसार देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर जात्र पर्व मनाया जा रहा है। जात्रा पर्व में गांव भर के लोग देव स्थल में उपस्थित होकर झाखर पुजारी बैगा सिरहा द्वारा विशेष पूजा अर्चना किया जा रहा है और देवी- देवताओं की शोभायात्रा निकालकर गांव में भ्रमण कर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की जा रही है। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में रविवार को माटी जात्रा पर्व मनाया गया। देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि की कामाना किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से झांगर किशन नागेश, सरपंच बलदेवराज ठाकुर, दिलवर पटेल, थानु पटेल, पवन पटेल, साकेत पटेल, सीताराम पटेल, संतन नागेश, चेतन नागेश, शंकर ठाकुर, मुरहा यादव एवं बड़ी संख्या में मैनपुरवासी उपस्थित थे।

### भगवान विष्णु की शोभायात्रा निकालकर कराया ग्राम भ्रमण



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम नदीपारा में कुम्हार समाज द्वारा तीन दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ अष्टचक्र पूजा का आयोजन किया गया। आचार्य घनश्याम पाण्डेय द्वारा रविवार को पूर्णाहुति कार्यक्रम संपन्न कराने के बाद कुराल समाज द्वारा भगवान विष्णु की प्रतिमा का शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया। विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई तथा मैनपुर तालाब में विसर्जन किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष जुगनी बाई, डीलेश्वरी, जामती, उदेराम पाड़े, मंगल पाड़े, चुरन्तो पाड़े, दिनेश पाड़ेपुरुषोत्तम, कुंतुला, लोचन रामचक्रधारी, रीपुसुदन, तोरण, सुहागाबाई, बालोबाई, बलराम, लखन, पारेश्वर, मेंघनाथ, शोभनाथ, मोहनु, लतेश्वर, पुस्तम कार्तिक, डोमेश सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## भेण्डरी नया बाजार चौक का भूमिपूजन



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में सप्ताहिक बाजार के लिए मौहापारा में सरपंच प्रीतराम देवांगन ने भूमिपूजन किया। अब से यहां हर रविवार को बाजार लगेगा। बस्ती वाले बाजार में गुरुवार को लगेगा। यानि सप्ताह में 2 दिन बाजार होगा।

## शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



मैनपुर्र। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति ढोर्रा अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में किसानों का उत्साह दिखा। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने दिलाई। समारोह के बहाने भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन किया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति ढोर्रा में आज नव नियुक्त समिति अध्यक्ष नवल किशोर मांझी ने पद एवं गोपनीयता का शपथ लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने समिति अध्यक्ष को शपथ दिलाई। इस मौके पर गोहरापदर मंडल के नव नियुक्त बूथ अध्यक्ष समेत पाटएँ के पदाधिकारी पुनीत सिन्हा, बोधन नायक, लंबोधर साहू समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।निकाय चुनाव को लेकर पाटएँ एक तरफ बूथ स्तर पर अपनी टीम को सक्रिय कर रही है। नई नियुक्तियां भी हो रही है। इस शपथ समारोह में पहुंचते ही ढोर्रा ग्राम में विशाल स्वागत रैली निकाली गई थी। बाजे गाजे व आतिशबाजी के साथ ही भाजपा ने ग्रामीण अंचल का माहौल भगवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ा था।




**नवापारा एवं आसपास क्षेत्र के लोग प्रतिदिन आते हैं सब्जी खरीदने**

# नेहरूघाट सब्जी बाजार में शौचालय बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम



नगर में प्रतिदिन लगने वाला सब्जी बाजार जो महानदी के किनारे त्रिवेणी संगम के पास नेहरू घाट पर स्थित है वहां शौचालय की मांग की जा रही है। प्रतिदिन भरने वाले इस सब्जी बाजार में सुबह से ही गांव के सब्जी बेचने वाले सैकड़ों पुरुष एवं महिलाएं आती हैं एवं उन्हें दोपहर दो-तीन बजे तक रुकना होता है इस बीच उन्हें लघु शंका के लिए तकलीफ का सामना करना पड़ता है ऐसा नहीं है कि नेहरू घाट के आसपास सुलभ शौचालय नहीं है नेहरू घाट पर जो शौचालय स्थित है वह वहां से चार पांच सौ मीटर की दूरी पर है किंतु सब्जी बेचने वाली महिलाएं एवं पुरुष अपने पसरा को ज्यादा देर तक छोड़कर जा नहीं सकते। साथ ही साथ नवापारा एवं आसपास क्षेत्र के लोग प्रतिदिन वहां पर सब्जी खरीदने जाते हैं। रविवार के दिन तो इस बाजार में बहुत ज्यादा भीड़ रहती है। इस बाजार में प्रतिदिन गांव से आने वाली सब्जी विक्रेता ताजी-ताजी एवं हरी सब्जियां लेकर आते हैं। एवं सब्जी का रेट भी का अन्य जगहों की तुलना में कम होता है। फल स्वरुप नवापारा राजिम एवं आसपास क्षेत्र के लोग रोज सब्जी लेने नेहरू गार्डन के पास सब्जी बाजार में आते हैं। उन्हें भी लघु शंका के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बाजार कैंपस के अंदर किनारे पर लघु शंका शौचालय का निर्माण कराया जा सकता है इस संदर्भ में नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी से बातचीत करने पर बताया कि नेहरू घाट सब्जी बाजार में शौचालय की आवश्यकता संज्ञान में है। एवं पूर्व में भी सब्जी बाजार विक्रेताओं ने इसकी मांग रखी थी अब जल्द ही स्थल पर जाकर उचित स्थान देखकर लघु शौचालय निर्माण करवाने की बात कही है।

